(1)

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्य प्रदेश,

सतपुडा भवन भोपाल – 462 004

क्रमांक/7/भवन/बी–830/2008/ 770 भोपाल, दिनांक 5/8/08

प्रति,

प्राचार्य,

इंजीनियरिंग महाविद्यालय, समस्त

पोलीटेकनिक महाविद्यालय, समस्त

महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय समस्त (म.प्र.)

विषयः– संस्थाओं में मुख्य भवन / छात्रावास भवन एवं अन्य भवन के निर्माण के संबंध में ।

–0–

तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत इंजीनियरिंग महाविद्यालय एवं पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में समय–समय पर विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जा रहे हैं । इन पाठ्यक्रमों के लिए संस्था में भवन की अनुपलब्धता होने की स्थिति में भवन निर्माण की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव अपेक्षित है । छात्रावास भवन निर्माण हेतु छात्राओं के प्रवेश एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप प्रस्ताव तत्काल निम्न जानकारी के साथ प्रेषित करें ।

1. प्रस्तावित निर्माण कार्य के विस्तृत प्राक्कलन ।
2. प्रस्तावित कार्य का स्थल मानचित्र ।
3. प्रस्तावित कार्यो के पूर्व संचालित प्रक्रिया की जानकारी ।
4. निर्माण कार्य का पूर्ण औचित्य अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदण्डों के अनुसार ।
5. प्रस्तावित निर्माण कार्य ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना में कराया जाना आवश्यक है, इस आशय का प्रमाण पत्र।
6. संस्था में प्रस्तावित निर्माण कार्यो के लिए भूमि की स्थिति ।

उपरोक्त जानकारी विशेष वाहक के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर भिजवाने की व्यवस्था करें ताकि प्रस्तावों को वित्तीय व्यय समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जा सके ।

वेबसाइट पर डालने हेतु computer section
Sd/-
2/9/08

Sd/-
संचालक, तकनीकी शिक्षा,
मध्य प्रदेश

Sd/-